(27)

पत्र संख्या–स्था०अराज०/ई०आई०एम०एस०/2020–21// 3404 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ::दिनांकः 16 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर,2020

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

....

अवगत कराना है कि मुख्यालय पर जोन स्तर से कई पत्र प्राप्त हो रहे है,जिनके द्वारा कर्मचारियों के ई०आई०एम०एस० में अंकित सूचनाओं में संशोधन किये जाने का अनुरोध किया जा रहा है।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कार्यालय स्तर पर असिस्टेंट कमिश्नर (प्रशासन)/डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) साक्ष्यों के आधार पर कर्मचारियों की सूचनाओं को ई0आई0एम0एस0 माड्यूल पर संशोधित कर सकते है। जोन में तैनात कर्मचारियों की सूचनाओं को संशोधित करने हेतु जोनल अधिकारियों को मुख्यालय पर पत्र संदर्भित करने की आवश्यकता नहीं होगी। किसी कर्मचारी की इम्प्लाई आई०डी० नहीं हो या ई०आई०एम०एस० पर लॉगिन नहीं हो रहा हो तो उक्त कर्मचारियों की सूचना मुख्यालय स्तर से जारी पत्रों के अनुरूप निर्धारित प्रारूप में मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जिन कर्मचारियों का ई०आई०एम०एस० का विवरण पूर्ण होकर अधिकारियों द्वारा माड्यूल पर सत्यापित का दिया गया है उन कर्मचारियों की पूर्व वर्षो की वार्षिक प्रविष्टि को माड्यूल पर अपलोड किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात कनिष्ठ सहायकों की वार्षिक प्रविष्टि ई०आई०एम०एस० माड्यूल पर अपलोड करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

A2 ...

D.C(IT)
17-12-20

2571

/

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीश्नल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ।
2. डिप्टी कमिश्नर(आई०टी०) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/12/2020

(पी०एन०यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर(स्था०अराज०) वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।